
## जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदय/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति बहराइच की अध्यक्षता में गठित "जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" (DWSM) समिति की दिनांक 20.07.2021 को आयोजित बैठक का कार्यवृत्त.

जिलाधिकारी महोदय, बहराइच की अध्यक्षता में प्रमुख सचिव, उ0 प्र0 शासन, नमामि गंगे जलापूर्ति अनुभाग–1 के शासना देश संख्या 95/छिहत्तर–1–2020–20 स्वजल/2010 टी0सी0–अ लखनऊ दिनांक 21 जनवरी 2020 के द्वारा पेयजल एवं स्वच्छता मिशन जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के संगणनात्मक स्वरूप को और सुदृढ बनानें तथा ग्रामीण पेयजल कायक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा मूल्यांकन तथा उनके अनुश्रवण हेतु शासनादेश सं0 2211/38–5–2010–20 स्वजल/2010 (टी0सी0–अ), दिनांक 29 नवम्बर 2010 को संशोधित करते हुए जनपद स्तर पर गठित **"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन"** समिति की बैठक जिलाधिकारी महोदय बहराइच के निर्देशानुसार दिनांक 20.07.2021 को आयोजित की गयी है जिसमें निम्नलिखित सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गयाः–

| | |
|---|---|
| 1. मुख्य विकास अधिकारी | – उपाध्यक्ष |
| 2. जिला विकास अधिकारी | – सदस्य |
| 3. प्रभागीय वनाधिकारी स्वय अथवा उनके द्वारा नामित सदस्य | – सदस्य |
| 4. जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी | – सदस्य |
| 5. जिला बेशिक शिक्षा अधिकारी | – सदस्य |
| 6. अधिशासी अभियन्ता वाटर रिसोर्सेस/सिंचाई | – सदस्य |
| 7. अधिशासी अभियन्ता, ग्राउण्ड वाटर | – सदस्य |
| 8. जिला कृषि अधिकारी | – सदस्य |
| 9. जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी | – सदस्य |
| 10. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0 प्र0 जल निगम बहराइच | – सदस्य सचिव |
| 11. श्री जी0एस0मिश्र, मेसर्स पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0 जे0वी0, | – फर्म प्रतिनिधि |
| 12. श्री राकेश तिवारी, मेसर्स पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0 जे0वी0, | – फर्म प्रतिनिधि |




श्री सौरभ सुमन, अधिशासी अभियन्ता एवं सदस्य सचिव, निर्माण खण्ड उ0 प्र0 जल निगम, बहराइच द्वारा अवगत कराया गया है कि जल जीवन मिशन अन्तर्गत राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (SWSM) द्वारा ग्रामीण पेयजल आपूर्ति हेतु चयनित फर्म मेसर्स पी0एन0सी0 इन्फ्राटेक लि0 एवं एस0 पी0 एम0 एल0 जे0वी0, पी0एन0सी0 टावर 3/22–डी0 सिविल लाइन्स, बाईपास रोड आगरा द्वारा (SWSM) तथा जल निगम मुख्यालय द्वारा दिये गये निर्देशानुसार जनपद में 54 नग पेयजल योजनाओं की डी0पी0आर0 प्रस्तुत की गई है। समस्त प्रस्तुत डी0पी0आर0 को राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (SWSM) तथा जल निगम द्वारा समय–समय पर निर्गत विभिन्न तकनीकी गाइडलाइन के अनुरूप जॉच करने के अपरान्त तकनीकी रूप से मात्र 28 नग डी0पी0आर0 अर्ह पाया गया है।

Scanned with CamScanner

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | ऐलिहा (QPV) | हुजूरपुर | 2 | सोलर | 681 | 358.94 | 40.06 | 399.00 | 7450 |
| 21 | गौरिया (QPV) | हुजूरपुर | 1 | सोलर | 898 | 429.88 | 47.98 | 477.85 | 7094 |
| 22 | ताजपुर (QPV) | हुजूरपुर | 1 | सोलर | 498 | 273.03 | 30.47 | 303.50 | 8629 |
| 23 | रूकनापुर खुर्द (JEs/AEs) | कैसरगंज | 2 | सोलर | 480 | 273.19 | 30.49 | 303.68 | 8419 |
| 24 | पैडी | पयागपुर | 2 | सोलर | 486 | 266.37 | 29.73 | 296.10 | 8688 |
| 25 | झाला तरहर | पयागपुर | 1 | सोलर | 730 | 347.50 | 38.78 | 386.28 | 7584 |
| 26 | हटवागोपाल | पयागपुर | 1 | सोलर | 448 | 235.05 | 26.23 | 61.28 | 8000 |
| 27 | बेलभरिया | विशेश्वरगंज | 1 | सोलर | 729 | 336.80 | 37.59 | 374.39 | 7615 |
| 28 | सुल्तानुपर | विशेश्वरगंज | 1 | सोलर | 423 | 245.38 | 27.39 | 272.77 | 8622 |
| | | योग– | 37 | | 19889 | 9478.12 | 1051.19 | 10469.90 | |

बैठक में कार्यदायी संस्था एवं निर्माण एजेन्सी मेसर्स पी0एन0सी0 इन्फ्राटेक लि0 एवं एस0 पी0 एम0 एल0 जे0वी0 को निम्न निर्देश दिये गये–

1. जिन योजनाओं की प्रति व्यक्ति लागत रू0 8000.00 से अधिक है उन योजनाओं का स्थलीय सत्यापन त्रिस्तरीय गठित समिति द्वारा करा लिया जाय।

   **(कार्यवाही मुख्य विकास अधिकारी/जिला विकास अधिकारी/अधिशासी अभियन्ता, जल निगम)**

2. प्रमुख सचिव नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग–1 के शा0 सं0 01/2020/1244/छिहत्तर–1'2020–20स्वजल/2010टी.सी.–अ, दिनांक 07 जुलाई 2020 द्वारा निर्गत शासनादेश के प्रस्तर 04 (2) में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि "जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन हेतु ग्रामों के चयन में गुणता प्रभावित (रासायनिक/जीवाणु), सांसद आदर्श ग्राम, अनूसूचित जाति/जन जाति बाहुल्य ग्राम आदि को प्राथमिकता प्रादान की जाए।

3. प्रस्तुत 28 नग डी0पी0आर0 में मात्र 06 ग्राम गुणवत्ता प्रभावित तथा 03 ग्राम ए.ईस./जे.ईस. प्रभावित की है। अतः निर्देशित किया जाता है कि आगामी बैठक में कम से कम 30 गुणता प्रभावित बस्तियों के डी0पी0आर0 तैयार कर जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के सम्मुख प्रस्तुत करें, तथा गुणता प्रभावित व ए.ईस./जे.ईस. बस्तियों के डी.पी.आर. अनुमोदित करानें के पश्चात् सर्वप्रथम गुणता प्रभावित व ए.ईस./जे.ईस. बस्तियों के डी.पी.आर. पर ही कार्य प्रारम्भ करने की सर्व सहमति से समिति मे निर्णय लिया गया।

   दिनांक 24.07.2021 को आयोजित दिशा की बैठक में माननीय अध्यक्ष/सांसद श्री बृजभूषण शरण सिंह जी द्वारा खुली बैठक में यह विषय चर्चा में आया था जिसमें स्पष्ट उल्लेखित निर्देश दिये गये थे कि यह सम्भावना है एवं क्षेत्र से शिकायत प्राप्त हो रही है कि सम्बन्धित संस्था मेसर्स पी0एन0सी0–एस.पी.एम.एल. जे.वी. कार्यो को स्थानीय स्तर पर कार्य बांट रही है। अतः समिति द्वारा फर्म को विशेष निर्देश दिये जाते है कि समस्त कार्य स्वयं करायेंगे स्थानीय स्तर पर लोकल ठेकेदार/पेटी ठेकेदारों से कार्य नहीं कराया जायेगा। उपराक्त निर्माण कार्य दिशा की निगरानी समिति के अधीन कराये जायेंगे।

   अर्थात् प्रथम चरण में सर्वप्रथम गुणता प्रभावित व ए.ईस./जे.ईस. ग्रामों की तैयार कर अनुमोदित करा कर इस पर कार्य प्रारम्भ की जाए तत्पश्चात् सामान्य ग्रामों की परियोजनाओं के स्वीकृति डी.पी.आर. पर कार्य किया जाए।

   **(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/मेसर्स पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0 जे.वी.)**

4. राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा गुणता प्रभावित/सामान्य बस्तियों की उपलब्ध करायी गयी सूची के क्रम में जन प्रतिनिधियों से उनकी प्राथमिकता की जानकारी प्राप्त कर ग्रामों का डी0पी0आर0 तैयार करना सुनिश्चित करें।

   **(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/मेसर्स पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0 जे.वी.)**

27/07/2021

जिलाधिकारी/अध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
बहराइच।

पृ0सं0 1336 /जल जीवन मिशन/2021/कार्य–17/69 दिनांक 27/07/2021
प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0 प्र0 जल निगम, लखनऊ को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभागा, उ0 प्र0 जल निगम कम्पाउण्ड, 6–राणा प्रताप मार्ग, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।
3. संयुक्त प्रबन्ध निदेशक, उ0 प्र0 जल निगम, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।
4. मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण), उ0 प्र0 जल निगम, लखनऊ।
5. मुख्य अभियन्ता(गो0क्षे0), उ0 प्र0 जल निगम, गोरखपुर।
6. मुख्य विकास अधिकारी, बहराइच।
7. अधीक्षण अभियन्ता, देवीपाटन मण्डल, उ0 प्र0 जल निगम, गोण्डा।
8. जिला विकास अधिकारी, बहराइच।
9. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0 प्र0 जल निगम, बहराइच।
10. मेसर्स पी0एन0सी0 इन्फ्राटेक लि0 एवं एस0 पी0 एम0 एल0 जे0वी0, पी0एन0सी0 टावर 3/22–डी0 सिविल लाइन्स, बाईपास रोड आगरा।

जिलाधिकारी/अध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
बहराइच।

Scanned with CamScanner